उल्टीदस्त-बुखार के एक सैकड़ा मरीज भर्ती

मौसमी जलजनित बीमारी का बढ़ा प्रकोप, ढाई सौ मरीजों ने जिला चिकित्सालय में कराई जांच

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 सितम्बर। जिले में मौसमी जलजनित बीमारी ने जोर पकड़ लिया है। आलम यह है कि आज शनिवार को करीब 260 मरीजो ने जिला चिकित्सालय में अपना जांच कराया है। कहां करीब 1 सैकड़ा मरीज उल्टीदस्त व बुखार से पीड़ित भर्ती हैं।

गौरतलब है कि जिले में जलजनित मौसमी बीमारी बुखार, खॉसी, जुखाम एवं उल्टीदस्त ने जोर पकड़ा हुआ है। आलम यह है कि दिनों दिन लगातार इन बीमार पीड़ित मरीजो की संख्या बढ़ रही है। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न के पिछले दो दिनों के ओपीडी के आंकड़ों पर नजर दौराएं तो शुक्रवार 4 सितम्बर को अवकाश होने के बावजूद 279 पीड़ित मरीजो ने जांच कराया। जिसमें 210 मरीज विशेष हताहत पाए गये। वहीं 19 मरीज उल्टीदस्त व बुखार तथा 28 सामान्य मरीजो का इलाज हुआ। आज शनिवार को ओपीडी में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 849 ने पर्ची कटाई है, जिसमें सबसे ज्यादा 260 मरीज बुखार, खॉसी, जुखाम एवं उल्टीदस्त के रहे। वहीं विशेष रूप से विशेष गंभीर हताहत मरीजो की संख्या 79 थी। जबकि बाल चिकित्सा मरीजो की संख्या 113, प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित मरीजो की संख्या 118 रही है। इसके अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजो ने इलाज कराया। चिकित्सक बताते हैं कि इन दिनों मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजो की संख्या बढ़ रही है।

बुखार से ज्यादा मरीज परेशान, झोलाछाप का बोलबाला

आलम यह है कि इन दिनों यदि किसी को बुखार आई तो, मरीज को स्वस्थ्य होने में लम्बा वक्त लग रहा है। जिले में करीब डेढ़ महीने से यह समस्या बनी हुई है। चिकित्सक बताते हैं कि बुखार मियादी बन जा रही है और इसके बाद टाईफाईड का रूप ले ले रही है। जहां मरीजो को ठीक होने में लम्बा समय लग रहा है। इधर ग्रामीण अंचल के अधिकांश मरीज झोलाछाप चिकित्सको या क्लीनिको के चिकित्सको का सहारा लेने को मजबूर हैं और ग्रामीण अंचल में झोलाछाप चिकित्सक घुमते-फिरते नजर आते हैं। बताया जाता है कि इन झोलाछाप चिकित्सक बिना डिग्री-डिप्लोमा के मरीजो का इलाज करते नजर आते हैं, ऐसी शिकायते भी आती रहती हैं, लेकिन सीएमएचओ एवं खंड चिकित्साधिकारियों के द्वारा कड़ी कार्रवाई भी नही किया जाता। लिहाजा इन दिनों झोलाछाप चिकित्सको का बोलबाला है।

कम पड़ गये बेड, फर्स पर इलाज

जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में इन दिनों मरीजो की संख्या में लगातार बढ़ रही है। जिससे बेड भी कम पड़ गये हैं। कई मरीजो का इलाज फर्स पर किया जा रहा है। यहां के स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि मरीज बढ़ गये हैं, जिसके कारण बेड कम पड़ गये हैं। सबसे ज्यादा उल्टीदस्त, बुखार से पीड़ित मरीजो की संख्या ज्यादा है। वहीं विशेष रूप से हताहत मरीजो की संख्या कम नही है। मौसम के हो रहे परिवर्तन के कारण मरीजो की संख्या बढ़ रही है और अभी भी बढ़ने की संभावना है।

एनटीपीसी की ऊंची चिमनियों का सर्वे

ओएलएस सर्वे के दूसरे दिन आसपास की जांच

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 सितम्बर। सिंगरौली हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की दिशा में ओएलएस (ऑब्स्टेकल लिमिटेशन सरफेस) सर्वे का कार्य जारी है। दिल्ली से पहुंची चार सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने शुक्रवार को पहले दिन हवाई पट्टी के अंदर निरीक्षण एवं सर्वे किया था। आज शनिवार को सर्वे के दूसरे दिन टीम ने हवाई पट्टी सिंगरौलिया के चारों ओर स्थित क्षेत्र का विस्तृत सर्वे किया।

सर्वे के दौरान हवाई पट्टी के आसपास मौजूद संभावित ऊंचे अवरोधों और महत्वपूर्ण प्वाइंट्स को चिन्हित किया गया। इसके बाद टीम ने एनटीपीसी विंध्यनगर परिसर में स्थापित ऊंची चिमनियों का भी सर्वे किया। साथ ही एनसीएल के टॉप प्वाइंट्स की ऊंचाई एवं स्थिति का परीक्षण किया गया। हवाई पट्टी के सराउंडिंग एरिया में मौजूद सभी ऐसे ऊंचे स्थानों को सर्वे में शामिल किया जा रहा है, जो सुरक्षित हवाई संचालन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। हवाई यातायात के लिए सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने में ओएलएस सर्वे की अहम भूमिका है।

सर्वे के माध्यम से यह निर्धारित किया जाएगा कि प्रस्तावित हवाई अड्डे के आसपास कोई ऐसी संरचना या ऊंचाई तो नहीं है, जिससे विमानों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर हवाई पट्टी के उन्नयन संबंधी आवश्यक बिंदुओं की जांच की जाएगी। इस दौरान दिल्ली से आई चार सदस्यीय टीम के साथ लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री तेजश्विनी शुक्ला एवं सहायक यंत्री संजय श्रीवास्तव मौजूद रहे। टीम 9 सितंबर तक हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में उन्नयन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का परीक्षण करेगी।

प्रशासन का प्रयास है कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंगरौलीवासियों को जल्द हवाई सुविधा उपलब्ध हो सके।

एक नजर में

सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

अनपरा। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित गोल्फकोर्स ग्राउंड में सांस्कृतिक कला संगम समिति, सीआईपी एल एवं क्रोमा के संयुक्त तत्वाधान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर भक्ति और मित्रता के अनूठे संगम का दृश्य देखने को मिला। सप्तम दिवस पर परम पूज्य कथा व्यास रामानंदीय वैष्णवाचार्य दासानुदास श्री अवध गोपाल दास जी महाराज ने सुदामा चरित्र एवं शुकदेव पूजन का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कला संगम समिति के पदाधिकारियों क्षितिज सिंघल, बीपीएस भाटिया, विजय गोयल, मनोज कुमार शर्मा, डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार ने तथा परीक्षित बने तरुण भारद्वाज एवं धर्मपत्नी तरुणिका ने व्यास महाराज जी को अंगवस्त्रम, पुष्पमाला एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर परिषद की टीम बनी विजेता

सरई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सरई नगरी भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक उमंग से सराबोर नजर आई। पार्षद एवं समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी के द्वारा कन्या उमावि सरई परिसर में आयोजित जिला स्तरीय भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने देर रात तक श्रद्धालुओं और दर्शकों को रोमांचित किया। अंतत : नगर परिषद सरई की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को आयोजक की ओर से नगर परिषद की अध्यक्ष अनुराधा सिंह के हाथों 28 हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सांसद का जनता दरबार आज बैढ़न में

सिंगरौली। लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा का जनता दरबार कार्यक्रम कल रविवार 6 सितंबर को नियत स्थान सांसद कार्यालय पुराने पीडब्लूडी विश्रामगृह में सम्पन्न होगा। सांसद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद सुबह 10:30 से 3 बजे तक कार्यालय पर उपस्थित रहेंगे एवं जनता दरबार में आये क्षेत्रवासियों की समस्यायों को सुनेंगे व उसका निराकरण करने संबंधी कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

शिक्षक दिवस पर आचार्य व शिक्षकों का हुआ सम्मान

गोरबी। शिक्षक दिवस के अवसर पर आचार्यशिक्षक बंधुओं का स्कूल में अंगवस्त्र एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रवण बैस एडवोकेट, उमेश गुर्जर, वीरेंद्र तिवारी, अक्षयवर पांडेय, अरुण सिंह, राजेश पटेल, विपिन दिवेदी, रमाकांत बैस मौजूद रहे। जहां कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य/शिक्षक शरद कुमार द्विवेदी प्राचार्य सरस्वती स्कूल, एसपी सिंह पटेल, प्राचार्य राजर्षी स्कूल, रविन्द्र सिंह, चंद्रशेखर दिवेदी, जैनेंद्र मिश्रा, रमेश तिवारी, रामदरश पटेल, दामोदर त्रिपाठी, अमिता पाठक, उर्मिला साहू, प्रवीण शुक्ला, शिवानी द्विवेदी, रेखा पाठक एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में चौरा टोला की टीम ने मारी बाजी

मां धनौजा धाम में मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

सरई 5 सितम्बर। मां धनौजा मंदिर सरई में जन्माष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित विशाल धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव इस वर्ष भी ऐतिहासिक रहा।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता, विशाल महाप्रसाद भंडारा, बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता, लकी ड्रा और कार्यक्रमों ने हजारों श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शाम 7 बजे पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ यह भक्ति उत्सव रात 3 बजे तक अनवरत चलता रहा। आलम यह था कि 40 किलोमीटर दूर-दूर से आए श्रद्धालु देर रात तक मंदिर परिसर में डटे रहे। पूरा मंदिर प्रांगण हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम स्थल पर एक तरफ जहां मटकी फोड़ के लिए युवाओं की टोलियों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिल रहा था, वहीं दूसरी ओर सजे भव्य सांस्कृतिक मंच पर राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की जीवंत झांकियों और मनमोहक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में इस वर्ष कुल 10 टीमों, जिसमें बरका, इटमा, कोनी, सरई हायर सेकेंडरी स्कूल, सरई चौरा टोला, घोघरा, गन्नई, मटिया और झालरी ने भाग लिया। सभी टीमों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। अंत में सभी को पछाड़ते हुए सरई चौरा टोला की टीम ने मटकी फोड़ कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को समस्त कृष्ण भक्तों एवं नगरवासियों के सहयोग से 41,200 रुपये की नगद राशि और आकर्षक शील्ड ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

बिजली खम्भा दे रहा हादसे को निमंत्रण, एमपीईबी अमला बेसुध

आठ महीने से दिवाल के पिलर में रस्सी के सहारे टिका है एलटी लाइन का खम्भा, 181 में शिकायत बेअसर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 सितम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न के नपानि के वार्ड क्रमांक 30 घुरीताल के आजाद चौक के समीप एक बिजली का खम्भा पिलर एवं दिवाल पर टिका हुआ है। जहां एक बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। करीब 8 महीने से समस्या बनी हुई है, लेकिन इसका निदान एमपीईबी अमला नही कर पाया है।



दरअसल जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 30 के घुरीताल अंतर्गत आजाद चौक के समीप रामप्रसाद अग्रहरि एवं रामलक्ष्मन अग्रहरि के घर के बीच एक बिजली एलटी लाइन का पोल पिछले 8 महीने से झुका हुआ है और इस खम्भे को एमपीईबी अमले ने मकान स्वामी के पिलर में रस्सी के सहारे बांध दिया है। रहवासियों का कहना है कि आज तक इसे बदला नही गया है, जबकि रहवासी राजेश कुमार गुपता ने 7 माह पूर्व एवं सुनील कुमार गुप्ता एक सप्ताह पूर्व सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराया है।

इनका आरोप है कि शिकायत का अब तक कोई परिणाम नही निकला है, बल्कि सीएम हेल्पलाइन को बंद कराने का दबाव एमपीईबी के अमले के द्वारा नाजायज तरीके से दिया जाता है। आगे यह भी कहा कि मौजूदा पोल से कभी भी कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिले के एमपीईबी अमला शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। शायद इसीलिए नया खम्भा नही गाड़ा जा रहा है, जबकि यह समस्या 8 महीने से है। यह भी बताया कि राजेश कुमार का बीच-बीच में 181 के शिकायत को अपने आप बंद करा देते हैं। जबकि समस्या का समाधान यथावत है। रहवासियों ने इस ओर कलेक्टर एवं अधीक्षण अभियंता एमपीईबी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

फर्जी एससी-एसटी मुकदमे का आरोप

सिंगरौली 5 सितम्बर (एनबीएन)। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के ग्राम अमहरा निवासी तीरथ वैश्य और रुद्र वैश्य ने एसपी को आवेदन देकर एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

आवेदकों का आरोप है कि कुछ लोग आपस में मिलकर झूठी शिकायतें कर लोगों को फर्जी मुकदमों में फंसाकर सरकारी सहायता राशि का लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। आवेदकों ने शासन चौकी के सीसीटीवी फुटेज और मौके के गवाहों के आधार पर जांच कराने की मांग की है।

बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग से स्कूली छात्र बने फर्स्ट रिस्पॉन्डर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 सितम्बर। एनसीएल द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक ज्ञान और जीवन रक्षक कौशल प्रदान करने की दिशा में बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0 चलाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के तहत एनसीएल द्वारा अब तक 56 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 3086 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्राथमिक उपचार देने के तौर-तरीकों से अवगत कराना है।

साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को जीवन रक्षक कौशल से सशक्त बनाते हुए उन्हें जरूरत के समय तत्काल और सही सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को सीपीआर, सड़क दुर्घटना के दौरान तत्काल प्राथमिक उपचार, सर्पदंश की स्थिति में आवश्यक सावधानियां एवं संबंधित प्राथमिक जानकारी दी जा रही है।

भाजपा नेता गिरीश द्विवेदी के दोनों मोबाईल नंबर हैक

सिंगरौली 5 सितम्बर (एनबीएन)। इन दिनों मोबाइल फोन पर शादी का निमंत्रण बताकर वेडिंग इनवेटेशन एपीके जैसी फाइल भेजकर लोगों को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप के माध्यम से आने वाली ऐसी फाइलें साइबर ठगी का जरिया बन सकती हैं। बिना सत्यापन के किसी भी एपीके फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें।

एनटीपीसी विंध्याचल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 5 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उमंग भवन ऑडिटोरियम में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के अमूल्य योगदान को उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता मौजूद रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक मणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक डॉ. विनोद कुमार भराली, महाप्रबंधक निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक एचपी देवांगन, महाप्रबंधक टीएन सीतारमन, महाप्रबंधक रुमा दे शर्मा, डीपीएस, डी-पॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं श्री चैतन्य कोचिंग अकादमी के प्राचार्य एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता ने शिक्षकों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं अथक प्रयासों के लिए बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करते हैं।

शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण के सच्चे शिल्पकार : विश्वमित्र

नवभारत न्यूज

देवसर 5 सितम्बर। शा. उत्कृष्ट उमावि देवसर में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर खण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन कर विधिवत शुरुआत हुई तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज को सही दिशा देने तथा बेहतर भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों द्वारा दिए गए ज्ञान संस्कार एवं मार्गदर्शन से ही आदर्श समाज व राष्ट्र का निर्माण होता है। मुख्य अतिथि ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जीवनी एवं महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

एनटीपीसी में शिक्षकों का सम्मान, मना शिक्षक दिवस

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 5 सितम्बर। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन मनोरंजन केंद्र सभागार, शक्तिनगर में किया गया।

समारोह में ई प्रभाकर राव, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली के साथ एनटीपीसी सिंगरौली टाउनशिप स्थित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य फादर विंसेंट परेरा, केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या प्रीति शर्मा, विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अरविंद मौर्य, विवेकानंद जूनियर स्कूल के प्राचार्य गोपाल तिवारी, राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुंवर तथा काशी विद्यापीठ के प्राचार्य प्रदीप यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर ई प्रभाकर राव परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ने अपने संबोधन में शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण एवं योगदान की सराहना की।

सब्जी मंडी परिसर बना शोपीस, सड़क पर सब्जी की दुकानें

दुर्घटना की बनी रहती है आशंका, रेलवे के निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के नीचे सब्जी कारोबारियों का जमवाड़ा

नवभारत न्यूज

बरगवां 5 सितम्बर। नगर परिषद बरगवां में सब्जी मंडी शोपीस बन कर रह गई। सब्जी की दुकानें निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे चल रही हैं, जहां यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है। वहीं दुर्घटना की संभावनाओं से भी इंकार भी नही किया जा सकता है।

दरअसल नगर परिषद बरगवां में वर्षो से सब्जी मंडी बनाया गया है, ताकि सब्जी की दुकाने परिसर में ही लगे। किंतु व्यवस्थाएं एवं साफ-सफाई न होने के कारण सब्जी की दुकानें बरगवां बाजार के निर्माणाधीन रेलवे के ओवर ब्रिज के नीचे लग रही हैं। यहां के नागरिक बताते हैं कि सड़क पर सब्जी की दुकानें संचालित होने से यातायात व्यवस्था पर व्यापक असर पड़ता है और पुलिस को भी काफी कसरत करनी पड़ती है और आये दिन बाजार में जाम लगा रहता है। यह समस्या आज से नही, बल्कि वर्षो से है।

नगर परिषद के अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि इसके प्रति गंभीर नही हैं। यहां के नागरिको का कहना है कि जब कभी दुर्भाग्य वस हादसा हो जाएगा, तब नगर परिषद के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की नींद टूटेगी। वहीं सब्जी कारोबारियों का कहना है कि सही जगह पर सब्जी मंडी नही बनी है और उसका रखरखाव तथा साफ-सफाई व्यवस्था नगण्य है। मार्ग में अतिक्रमण है। यहां के नागरिको ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।